**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
**(राज्यपाल सूचना परिसर)**

---

## राज्यपाल को डॉ0 आनंद कुमार त्रिपाठी ने स्वलिखित पुस्तक ”भारतीय न्याय संहिता : एक काव्य खण्ड” की भेंट

---

लखनऊः 14 अप्रैल, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को आज राजभवन में डॉ0 आनंद कुमार त्रिपाठी, डीन, शोध राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात ने शिष्टाचार मुलाकात कर आपराधिक कानून पर स्वलिखित पुस्तक ”भारतीय न्याय संहिता : एक काव्य खण्ड” भेंट किया।

राज्यपाल जी को डॉ0 आनंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह पुस्तक भारतीय न्याय संहिता को काव्यात्मक शैली में प्रस्तुत करने वाली एक अनूठी कृति है। नये अपराधिक विधि पर रामचरितमानस विधा में यह पुस्तक रची गयी है। यह हिन्दी भाषा में कानून को सरलता से समझाने में सहायक है और पुलिस, अधिवक्ता, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी व विधि विद्यार्थियों सहित आम जनता के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगी। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा, धर्म शास्त्रों और प्राचीन ग्रंथों के संदर्भों को न्याय प्रावधानों से समन्वित करने का प्रयास किया गया है।

---

सम्पर्क सूत्र
कृष्ण कुमार–सूचना अधिकारी
दिलशाद–सूचना अधिकारी
9696185895